हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, अप्रैल 17, 2024

11 गेट पास के लिए किसानों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार



14 अवैध कॉलोनी का मामला पहुंचा सीएम दरबार



# बहादुरगढ़ के चार युवाओं ने की यूपीएससी परीक्षा पास

## पिता के अधूरे सपने को बेटे ने किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

■ बहादुरगढ़ के शौर्य अरोड़ा की देशभर में आई 14वीं रैंक

पिता के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए एक बेटे ने जी-तोड़ मेहनत की। उस मेहनत का परिणाम ऐसा आया कि देशभर में नाम हो गया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बहादुरगढ़ के निवासी शौर्य अरोड़ा की। शौर्य ने यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 14वीं रैंक प्राप्त की है। आईएएस बनकर न केवल उसने अपने बल्कि अपने पिता के अधूरे सपने को भी पूरा किया है।

करीब 24 वर्षीय शौर्य अरोड़ा बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में अपनी बहन अंशु अरोड़ा, मां आरती पिता भूषण अरोड़ा और दादा इंद्रजीत लाल, दादी शांति देवी के साथ रहते हैं। शौर्य ने 10वी और 12वीं की पढ़ाई बीवीएम स्कूल चेन्नई से पूरी की। बारहवीं (नॉन मेडिकल) में 98.3 प्रतिशत नंबर आए थे। शौर्य ने आईआईटी बांबे से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की हुई है। आईआईटी में भी शौर्य की 432वीं रैंक आई थी। पढ़ाई में शुरू से ही प्रतिभाशाली रहे शौर्य ने बचपन से ही आईएएस बनने का सपना देखा था। बता दें कि शौर्य के पिता भूषण ने भी यूपीएसी की परीक्षा दी थी। चार बार प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। वह अपने बेटे में अपना सपना जीने लगे थे। वहीं शौर्य के मन में भी यह कसक थी। इसलिए वह दिनभर में कई-कई घंटे पढ़ाई करता था।

कॉलेज के प्रथम वर्ष में उसने यूपीएससी परीक्षा दी लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरे प्रयास में इतनी मेहनत की कि परिणाम जबरदस्त आया। शौर्य ने कोचिंग नहीं ली है। सेल्फ स्टडी करते हुए खूब मेहनत की। शौर्य की मानें तो परीक्षा अच्छी हुई थी लेकिन ये नहीं मालूम था कि रैंक 14वीं आ जाएगी।



बहादुरगढ़। शौर्य का मुंह मीठा कराते परिजन। फोटो : हरिभूमि

### देश और समाज की सेवा में शौर्य योगदान देगा

शौर्य के माता-पिता आईटी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहे हैं। दादा दिल्ली में अध्यापक रहे हैं और दादी हरियाणा सरकार में अध्यापिका रही हैं। शौर्य का कहना है कि सही मार्गदर्शन में बिना कोचिंग के भी सफलता मिलती है। उसकी सफलता में उसके पूरे परिवार का सहयोग और भावनात्मक साथ रहा है। शौर्य की उपलब्धि पर पिता भूषण अरोड़ा, मां आरती अरोड़ा सहित परिवार के सभी लोग बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि उनके बेटे ने उनका गौरव बढ़ाया है। वे शौर्य की उपलब्धि से बेहद खुश है। उन्होंने कहा कि शौर्य परिवार के बेहद करीब है और हर बात परिवार के साथ साझा करता है। उनका कहना है कि देश और समाज की सेवा में शौर्य अपना योगदान देगा।

## शिवांश राठी ने पाया 63वां रैंक

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

■ फिलहाल दिल्ली में एसडीएम के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं शिवांश

गांव खरहर के लाल शिवांश ने एक बार फिर से यूपीएससी में परचम लहराकर इलाके का मान बढ़ाया है। अपने दूसरे प्रयास में एसडीएम बनने वाले शिवांश ने यूपीएससी में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया में 63वीं रैंक हासिल की है और अपना आईएएस बनने का सपना पूरा कर लिया है।

शिवांश बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में अपने माता-पिता और बहन के साथ रहते हैं। 9 साल की उम्र से ही आईएएस बनने का सपना देखना शुरू कर दिया था। शिवांश हर रोज 10 घंटे तक पढ़ाई करते थे और जब पढ़ाई से थक जाते तो व्यायाम के साथ शिव तांडव स्त्रोतम का पाठ करते रहे। शिवांश ने बताया कि शिव तांडव स्त्रोतम के पाठ से उन्हें उर्जा मिलती है। शिवांश ने अपनी पढ़ाई शहर के सैंट थॉमस स्कूल से की है। कक्षा 12वीं में स्कूल टॉप किया और स्नातक में कॉलेज टॉप किया। दिल्ली के हंसराज कॉलेज से बीए अंग्रेजी ऑनर्स की पढ़ाई की। शिवांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पूरे परिवार को दिया है। उन्होंने बताया कि उनके दादा कंवल सिंह राठी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और उन्हें हमेशा देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहे हैं। शिवांश के ताऊ वीरेंद्र राठी भी आईआरएस रहे हैं और चाचा जितेंद्र एमडीयू में प्रोफेसर हैं। दादा, ताऊ, चाचा और माता-पिता के मोटिवेशन के साथ मामा की तरह आईएएस बनने का सपना शिवांश ने संजोया था। शिवांश के मामा वरिंद्र कुमार पंजाब कैडर में आईएएस हैं। शिवांश के पिता रवींद्र राठी भी सिविल सर्विस में जाना चाहते थे। हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा भी पास कर ली थी लेकिन किन्हीं कारणों से वो भर्ती पूरी नही हो पाई। शिवांश की माता डॉ. सुदेश राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रोफेसर हैं। माता-पिता अपने बेटे की उपलब्धि पर बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि जब भी शिवांश मायूस होता था तो वो उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देते थे।



बहादुरगढ़। अपने परिवार के साथ शिवांश राठी। फोटो : हरिभूमि

### भक्तिभाव से परिपूर्ण रहते हैं शिवांश

शिवांश भक्तिभाव से परिपूर्ण रहते हैं। यूपीएससी का परिणाम आने से पहले भी वो मंदिर में बैठकर पूजा कर रहे थे। शिवांश सेक्टर 6 के जिस घर में रहते हैं उसका नाम शिवालय है और छोटी बहन का नाम शिवांगी है। शिवांश की छोटी बहन भी यूपीएससी की तैयारी कर रही है। शिवांश का कहना है कि यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे पहले फोकस्ड होना जरूरी है। पिछली दफा भी उन्होंने यूपीएससी पास की थी और फिलहाल दिल्ली में एसडीएम के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। डीएस आर्य स्कूल के संचालक इंद्र राठी, खरहर गांव के पूर्व सरपंच बिजेंद्र और समाजसेवी नरेश भारद्वाज ने भी घर पहुंचकर शिवांश को बधाई दी है।

## अभिलाष ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम में पाई 421वीं रैंक



बहादुरगढ़। अभिलाष को मिठाई खिलाते उसके परिजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

शहर के निवासी अभिलाष सुंदरम ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम में 421वीं रैंक हासिल की है। अपने चौथे प्रयास में अभिलाष ने यह सफलता पाई है। अभिलाष की इस उपलब्धि से वह और उसका परिवार खुश है लेकिन सफर अभी खत्म नहीं हुआ है। अभिलाष का कहना है कि ऑल इंडिया में पहली रैंक हासिल करना उसका लक्ष्य है। उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

शहर में बराही रोड पर रहने वाले अभिलाष त्रिवेणी स्कूल के संचालक एस श्याम के बेटे हैं। शुरुआती पढ़ाई अपने ही स्कूल से की है। कक्षा 12वीं (नॉन मेडिकल) में अभिलाष ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से बीएससी (फिजिक्स ऑनर्स)। पढ़ाई होशियार अभिलाष बचपन से ही देश के लिए कुछ करना चाहते थे। उन्हें एयरोस्पेस इंजीनियर बनना था। इंडियानापोलिस पड्र्यू यूनिवर्सिटी में चयन भी हो गया था लेकिन पिता एस श्याम उसे आईएएस बनाना चाहते थे। पिता के इस सपने को अभिलाष ने अपनी आंखों से देखना शुरू कर दिया। शुरुआत में एक साल दिल्ली में एक साल कोचिंग ली। फिर इसके बाद घर पर ही तैयारी जार रखी। पहले, दूसरे प्रयास में प्री क्लीयर नहीं हुआ। फिर मेंस के पहले प्रयास में भी चूंक गए लेकिन हार नहीं मानी।

### अभिलाष की मां संगीता वर्मा त्रिवेणी स्कूल की डायरेक्टर

चौथे प्रयास में आखिरकार परीक्षा पास कर ली और देशभर में 421वीं रैंक हासिल की। परिजनों और परिचितों ने अभिलाष का मुंह मीठा कराया। देर शाम तक अभिलाष व उसके परिवार को बधाई देने का तांता लगा हुआ था।

अभिलाष की मां संगीता वर्मा त्रिवेणी स्कूल की डायरेक्टर हैं। बड़ी बहन वसुंधरा ज्वैलरी डिजाइनर और अनुष्का को कलोदिंग ब्रांड का बिजनेस है। माता-पिता सहित पूरे परिवार ने अभिलाष की सफलता पर खुशी जताई है। साथ ही ये उम्मीद भी जताई कि आगामी प्रयासों में अभिलाष यकीनन ऑल इंडिया टॉप करेगा। वहीं अभिलाष ने कहा कि पूरे परिवार, दोस्तों, शिक्षकों ने बहुत स्पोर्ट किया है। परीक्षा पास होने पर खुशी है लेकिन अभी सफर यहीं खत्म नहीं हुआ। देशभर में पहली रैंक हासिल करने के लिए वह और कड़ी मेहनत करेंगे।

## दूबलधन के उदित ने यूपीएससी में पाया 375वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

■ फेल होने पर युवाओं को हताश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि दौगुने उत्साह से तैयारी करनी चाहिए

यदि व्यक्ति लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहे तो वह एक ना एक दिन तक मंजिल पर जरूर पहुंचता है। अपनी अथक मेहनत के बल पर पांचवें प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र के गांव दूबलधन बिध्याण पाना निवासी उदित कादियान ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखलाया है। युवाओं को दिए संदेश में उन्होंने कहा कि जैसे जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं वैसे ही परीक्षा देने वाले विद्यार्थी भी पास-फेल होते रहते हैं। लेकिन फेल होने पर युवाओं को हताश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि दौगुने उत्साह से तैयारी करते हुए परीक्षा में सफल होने का प्रयास करना चाहिए। एक ना एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने बताया कि अपने पांच प्रयासों के दौरान वह जहां पिछली बार मात्र 3 अंकों से पीछे रह गया था वहीं उससे पहले के वर्ष में बीस अंकों का फासला था। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और जीत कर ही दम लिया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उन्होंने एनडीए परीक्षा में भी 24वां रैंक हासिल किया था। उनकी इस सफलता में उनकी माता-पिता का भी पूरा सहयोग मिला।



झज्जर। उदित कादियान को सफल होने पर आशीर्वाद देते हुए दादा ओम साहब व मिठाई खिलाती बहन आशी।

### शिक्षित परिवार होने के कारण मिला प्रोत्साहन

उदित कादियान ने बताया कि उनके पिता पवन कुमार दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं जबकि मां विनोद देवी गृहणी है। उनके दादाजी ओम साहब रिटायर्ड सूबेदार हैं तथा ताऊ अशोक कुमार जिले के राजकीय माध्यमिक स्कूल बाबरा हेडमास्टर के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षित परिवार होने के कारण परिजनों द्वारा उसे सदैव पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया। उसकी छोटी बहन आशी कादियान भी सफदरजंग हॉस्पिटल से एमबीबीएस करने उपरांत एमडी की पढ़ाई कर रही है। फिलहाल नजफगढ़ में रहने वाले उदित कादियान ने बताया कि उसने किरोड़ीमल कॉलेज व हिंदू कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की है। उसकी सफलता पर उसके परिवार में भी खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि जैसे यहां बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा है वैसे ही पैतृक गांव दूबलधन में भी उसके परिवार को बधाइयां दी जा रही हैं।

# बरकत और सुख समृद्धि का आशीर्वाद दे संपन्न हुआ बेरी मेला

## अष्टमी की पूजा के साथ श्रद्धाभाव से हुई मां भीमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरी

■ लाखों श्रद्धालुओं ने किए मां के दर्शन और मांगी मन्नतें

श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने का जो सिलसिला सोमवार सांय शुरू हुआ वह मंगलवार अष्टमी के दिन दोपहर तक जारी रहा। मां के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी को महसूस किए मां के दर्शनों के लिए घंटों इंतजार करते हुए माता के दर्शन किए और अपने परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की। अष्टमी पर बाहर के मंदिर में जब मां की प्रतिमा लाई गई तो पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। मां के अंदर के मंदिर से बाहर के मंदिर में प्रतिमा लाने की जिम्मेदारी कड़ी सुरक्षा के साथ निभाई गई। पूरे रास्ते में मां के जयकारे गूंजते रहे। इसके बाद मां के दर्शनार्थ हजारों की संख्या में श्रद्धालु निरंतर जयघोष के साथ मंदिर तक बढ़ते रहे। मां भीमेश्वरी के मंदिर में यह क्रम दोपहर तक जारी रहा। इस मेले में निर्विध्न शांति से संपन्न होने से प्रशासन को भी राहत मिली है।

**विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना:** अष्टमी पर्व पर दूर-दराज के क्षेत्रों से भक्तों ने पहुंचकर मां भीमेश्वरी देवी के दरबार मे माथा टेककर मन्नतें मांगी वहीं नवविवाहित जोड़ों ने माता के दरबार में गठजोड़े की जात दी। लोगों ने अपने नवजात बच्चों का मुंडन भी करवाया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं की दृष्टि से बेरी मेले को विभिन्न क्षेत्रों में बांटा गया था। बरसों से चली आ रही परंपरानुसार मां भीमेश्वरी को अष्टमी के दिन मां भीमेश्वरी देवी को सुबह मां दो बजे बाहर वाले मंदिर मे लाया गया। अष्टमी के लिए मंदिर के पुजारी ने मत्रोच्चारण के बीच मंगला आरती करवाई। बता दें कि मां भीमेश्वरी देवी का इकलौता मंदिर है जहां माता की मूर्र्तर्र्र् एक है और माता दो मंदिरों में विराजमान होती हैं।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम:** पूरे मेला परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सुरक्षा के मद्देनजर जहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, वहीं पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में रहा।





बेरी। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा, माता के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।





# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style



# यामी

## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन



**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम



पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।

### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक

# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*मुंबई। बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं।



सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।

### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।





### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही , हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की एक टीम द्वारा अवैध शराब व बीयर की पेटियों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के झज्जर प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झज्जर-कोसली मार्ग पर गांव खाजपुर व डावला के बीच नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक बैलेरो पिकअप गाड़ी की चैकिंग करने पर उसमें से अवैध देशी शराब की तीस पेटियां, अंग्रेजी शराब की सात पेटी व आठ पेटी बीयर बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान राकेश निवासी गांव गुढ़ा जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए माननीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**बहादुरगढ़।** बादली थाने के अधीन लगते एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता हो गई है। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी सोमवार की दोपहर को कचरा डालने घर से बाहर निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी देर बाद नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि गांव में रहने वाला एक युवक भी लापता है। हमें शक है कि वही युवक शादी का झांसा देकर हमारी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है।

### सुबह खेतों में गया पानी तो शाम को लगी आग

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा के पास से गुजर रही माइनर मंगलवार की सुबह ओवरफ्लो हो गई। ओवरफ्लो होने के चलते पानी खेतों में भरने लगा। देखते ही देखते कुछ एकड़ एरिया में पहुंच गया। मामले की सूचना मिलने पर किसी खेतों की तरफ दौड़े तो वहीं सिंचाई विभाग भी हरकत में आया। विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पानी को खेतों में जाने से रोका गया। माइनर की सप्लाई कम कराई गई। पुलिया के नीचे कचरा फंसा होने के कारण ये समस्या उत्पन्न होने की बात सामने आई है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि समय रहते बचाव कार्य शुरू कर दिया था। दूसरी तरफ शाम को इस गांव के खेतों में आग ल गई।

### उठान कार्य धीमी गति से होना बड़ी परेशानी

# गेट पास कटवाने के लिए किसानों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

आढ़तियों का कहना है कि अभी तो गेहूं की अधिकांश फसल खेतों में ही पड़ी है। फिर भी अव्यवस्थाओं का माहौल बना हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गेहूं व सरसों फसल की बिक्री के दौरान अनाज मंडियों में किसानों को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर किए गए पुख्ता इंतजामों के दावे फेल होते दिखाई दे रहे है। किसानों को जहां गेट पास कटवाने के लिए घंटों लाईन में खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण भी आढ़ती परेशान है। स्थिति यह है कि मंडी परिसर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और आढ़ती जेसीबी के माध्यम से गेहूं की ढेरियों को ऊंचा उठाने का प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे है। आढ़तियों का कहना है कि अभी तो गेहूं की अधिकांश फसल खेतों में ही पड़ी है। फिर भी अव्यवस्थाओं का माहौल बना हुआ है। अगर शेष किसान भी अपनी फसल मंडी में लेकर पहुंचते है तो और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा किसानों ने कर्मचारियों पर गेट पास कटवाने में मिलीभगत का आरोप लगाया।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

### फसल खरीद के साथ उठान कार्य को दी जा रही गति

अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप ने बताया कि अब तक स्थानीय अनाज मंडी में कुल 174606 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। जिसमें से 138 हजार 639 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है और खरीदी गई फसल में 79 हजार क्विंटल सरसों का उठान भी हो चुका है। इसके अलावा अभी तक अनाजमंडी में कुल 234799 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है जिसमें से 76669 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। फसल खरीद के साथ-साथ उठान कार्य को भी गति दी जा रही है। खरीदे गेहूं में से अभी तक 2600 क्विंटल गेहूं का उठान दर्ज किया गया है।



### डीसी व जिप सीईओ ने किए मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन

**बेरी।** महाभारत कालीन कस्बा बेरी में मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं ने माता भीमेश्वरी देवी के अंदर और बाहर वाले मंदिर में देवी की आराधना कर विधिवत पूजा अर्चना की। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह के अलावा सीईओ जिला परिषद डॉ सुमीता ढाका ने देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत डीसी ने मेला परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम को जरूरी निर्देश भी दिए। उन्होंने रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स द्वारा मेला में भक्तों की मदद की प्रशंसा की और भविष्य में भी सेवाभाव से जरुरत मंदों की मदद के संकल्प का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने टोकन प्रणाली, माता के चांदी सिक्के की व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों की तारीफ की।



### रसोई गैस सिलेंडर के साथ घर-घर पहुंच रहा मतदाता जागृति का संदेश

**झज्जर।** जिले की एलपीजी गैस एजेंसियों को भी मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल किया गया है। गैस एजेंसियों द्वारा घरों में डिलीवरी होने वाले रसोई गैस सिलेंडर पर मतदाता जागरूकता का स्टीकर लगाकर डिलीवर किया जा रहा है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि गैस सिलेंडर प्रत्येक घर की जरूरत है और इस तरह की गतिविधि से अधिक से अधिक लोगों तक मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडरों पर जो स्टिकर लगाए जा रहे हैं उन पर वोट का महत्व बताते हुए स्लोगन लिखे हुए हैं। इसके अलावा जिले की शिक्षण संस्थानों का जागरूकता अभियान में पूरा सहयोग मिल रहा है।




झज्जर। मीटिंग के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी सलोनी शर्मा।

### बैंक शाखाओं व एटीएम बूथ पर लगेंगे मतदाता जागरूकता पोस्टर

**झज्जर।** बैंकों की ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शाखाएं हैं, ऐसे में मतदान व वोट बनवाने को लेकर चल रहे अभियान में बैंकों की अहम भूमिका है। यह बात एडीसी एवं स्वीप अभियान की जिला नोडल अधिकारी सलोनी शर्मा ने बैंक अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं व एटीएम बूथ में वोटर जागरूकता के लिए सामग्री लगने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी नागरिकों को शामिल होते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी अपने आसपास के लोगों को मतदान करने व एक अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष पूरी कर चुके युवाओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु वोट बनवाने के लिए प्रेरित करने का आहवान किया।

### टाउन पार्क की दयनीय स्थिति पर जताई चिंता

**झज्जर।** शहर की सर्वोदय जनहित समाज कल्याण समिति द्वारा स्थानीय टाउन पार्क की दयनीय स्थिति को चिंता जताई है। समिति प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया कि पिछले माह टाउन पार्क के रख-रखाव का टैंडर समाप्त होने के कारण यहां साफ-सफाई का अभाव है। स्वच्छता न होने के कारण यहां मक्खी-मच्छरों की भरमार हो गई है जिस कारण बीमारी संक्रमण का खतरा बना है। उन्होंने बताया कि पार्क में दिनभर युवा क्रिकेट व फुटबॉल जैसे खेल खेलते रहते हैं जिस कारण बडे-बुजुर्गों को बॉल लगने का भय भी सताता है। इसके अलावा कर्मचारी के अभाव में पार्क में लगे पेड़-पौधे भी दिनों दिन सूखते जा रहे हैं। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह इस पार्क की दयनीय स्थिति की सुध लेते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था करें।

## रंगोली व स्लोगन राइटिंग से दिया मतदान का संदेश

- संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में मतदान विषय पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में मंगलवार को मतदान विषय पर आधारित रंगोली व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीसरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगोली व स्लोगन राइटिंग दोनों प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संस्कारम समूह ने अनूठी पहल करते हुए इस अभियान की



झज्जर। मतदान विषय पर आधारित रंगोली व स्लोगन दिखाते हुए विद्यार्थी।

शुरूआत की है। मतदान किसी भी लोकतंत्र को सुचारू रूप से चलने के लिए बहुत अधिक जरूरी है। विद्यार्थियों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। प्रतियोगिता परिणामों में रंगोली प्रतिस्पर्धा में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के वर्ग में रूद्र को पहला, इशिका को दूसरा व भूमिका को तीसरा स्थान मिला। कक्षा 6 से 8 वर्ग में अक्षत व यहाना ने प्रथम, लक्षिता ने द्वितीय व सुशील ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 वर्ग में निकिता स्थान, हर्षिता द्वितीय व सुजीता तृतीय रही। स्लोगन राइटिंग में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के वर्ग में प्रिंस व याचना को पहला, मानव व योग्यता को दूसरा व वंदना को तीसरा स्थान मिला। कक्षा 6 से 8 वर्ग में अनुष्का प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय व जयंत तृतीय रहा। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के वर्ग में मन्नत व प्राची ने पहला, खुशबू व कुसुम ने दूसरा तथा अनुष्का व मीनल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों को एक जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## सुख-समृद्धि में वृद्धि करता है कामदा एकादशी व्रतः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

चैत्र मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी कहा जाता है। इस व्रत के प्रभाव से कष्ट दूर होते हैं। कामदा एकादशी के दिन भगवान वासुदेव का पूजन किया जाता है। इस एकादशी व्रत को भगवान विष्णु का उत्तम व्रत कहा गया है। पंडित गुलशन शर्मा ने कामदा एकादशी का महत्व बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म में कामदा एकादशी को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। क्योंकि हिंदू नववर्ष



गुलशन शर्मा।

के बाद आने वाली कामदा एकादशी पहली एकादशी होती है। संस्कृत में कामदा का अर्थ है कि जो मांगा जाए उसे देना। इसी कारणे कामदा एकादशी का व्रत पूरी श्रद्धा से किया जाता है। इस व्रत को रखने से मन और शरीर दोनों ही संतुलित रहते हैं। इसके अलावा व्रत रखने वाले व्यक्ति को रोगों से भी मुक्ति मिलती है।

## कतर, सउदी अरब के कोच देंगे तैराकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सउदी और कतर में नेशनल टीम के तैराक तैयार कर चुके विदेशी कोच बिनोय कुटप्पन अब बहादुरगढ़ की चैंपियनस एक्वेटिक एकेडमी के साथ जुड़ गए हैं। तैराकी कोच बिनोय एचएल सिटी स्थित चैंपियनस एक्वेटिक एकेडमी में तैराकों को तैराकी में तकनीकी तौर पर दक्ष करेंगे। जिससे उनकी स्पीड और स्टेमिना बढ़ सके।

कोच बिनोय ने मंगलवार की सुबह चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में तैराकों की तैयारी का निरीक्षण किया और उनकी स्ट्रैंथ और कमजोरियों की डिटेल्स भी जानी है। कोच बिनोय का कहना है कि भारत में स्वीमिंग का



बहादुरगढ़। तैराकों को तकनीकी बारीकियां समझाते कोच बिनोय व महासचिव अनिल खत्री।

भविष्य उज्वल है। हरियाणा के तैराकों में ताकत ज्यादा है और उसी ताकत के दम पर वो नेशनल में मेडल ला रहे हैं। भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष और हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि कोच बिनोय कुटप्पन अब एचएल सिटी में ही रहने वाले हैं और सुबह-शाम तैराकों को प्रशिक्षण देंगे। कुछ दिनों बाद ओलंपिक मेडलिस्ट स्वीमिंग कोच भी कोचिंग देने के लिए आएंगे। उन्होंने बताया कि अब बहादुरगढ़ में 50 मीटर का ओलंपिक साइज स्वीमिंग पूल है। जिससे हरियाणा के तैराकों को बेहतर तैयारी करवाई जा रही है।

### क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते दो आरोपी पकड़े

झज्जर : पुलिस की एक टीम द्वारा क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए बेरी प्रभारी जोगिंद्र ने बताया कि एएसआई संदीप कुमार की टीम ने गांव बिरधाना रेलवे फाटक के नजदीक बंद पड़े भट्ठा के पीछे से क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाकर खेलते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान साहिल व संदीप दोनों निवासी बिरधाना जिला झज्जर के तौर पर की गई है। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से तीन मोबाइल, एक लैपटॉप, एक बैग व सात सौ रुपये नगद बरामद हुए है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कार्यवाई अमल में लाई गई है।

### गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

**झज्जर।** डीसी ने गर्मी के मौसम में हीट वेव(लू) से बचाव के प्रबंधनों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को गर्मी के मौसम में अस्पतालों में दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ गर्मी व हीट वेव का फसलों की उपज पर प्रभाव सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए किसानों के लिए जरूरी एडवाइजरी जारी करने व ग्रीष्मकालीन फसलों पर मौसम की स्थिति के प्रभाव को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों बारे जागरूक करने के निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार घायल

बहादुरगढ़। झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर एक स्कूटी सवार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घायल की पहचान रमेश के रूप में हुई है। सोनीपत जिले के गांव आवली का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को वह स्कूटी पर सवार होकर जहांगीरपुर जा रहे थे। झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग दुल्हेड़ा से आगे पहुंचे तो किसी वाहन की चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में उन्हें काफी चोट आई। राहगीरों ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से रेफर कर दिए गए। वहीं सूचना पाकर परिजन और पुलिस अस्पताल की ओर दौड़े। किस वाहन ने रमेश को टक्कर मारी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

### हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** कबीर बस्ती के निवासी एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दरअसल, 14 अप्रैल की शाम को एक युवक नागरिक अस्पताल में मृत हालत में लाया गया था। कुछ युवक उसे अस्पताल में छोड़कर भाग गए थे। मृतक युवक की पहचान कर्ण के रूप में हुई थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। मारपीट कर उसे मौत के घाट उतारा गया था। छोटे भाई आयुष ने कर्ण की मौत के लिए अनिल सहित कई अन्य युवकों को जिम्मेदार ठहराया था। बताया कि उसका भाई अनिल के पास काम करता था। उस पर नशा बेचने का दबाव बनाया जाता था। रितिक, अनिल सहित अन्य युवकों ने उसके भाई के साथ मारपीट की थी। जिसमें उसकी जान चली गई थी। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। आरोपी रितिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह नई बस्ती का रहने वाला है।

## अकहेड़ी मदनपुर पंप हाऊस से रोहतक के धामड़ निवासी किसान का मिला शव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : क्षेत्र के अकहेड़ी मदनपुर पंप हाऊस पर रोहतक जिले के धामड़ गांव निवासी किसान का शव मिला है। मृतक की पहचान करीब 58 वर्षीय दयानंद उर्फ भोलू के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि बीती 13 अप्रैल को परिजनों द्वारा दयानंद की गुमशुदगी रिपोर्ट पुलिस को दर्ज कराई थी। इसके बाद दयानंद की तलाश की जा रही थी। परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए

- बीती 12 अप्रैल को पैर फिसलने के कारण नहर में गिर गया था दयानंद



पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**पानी लेने के लिए नहर में उतरा था दयानंद :** पुलिस को दी शिकायत में धामड़ गांव निवासी जयबीर पुत्र प्रताप सिंह ने बताया था कि 12 अप्रैल को उसका बड़ा भाई भोलू उर्फ दयानंद किलोई पुल के पास स्थित हैंड पंप से पानी लेने आया था। हैंडपंप द्वारा पानी उठाया गया तो वह खाली बोतल लेकर नहर से पानी लेने चला गया जब वह नहर से बोतल में पानी भरने लगा इस दौरान पांव फिसल गया जिससे वह नहर में गिरकर पानी के तेज बहाव में बह गया। इसके बाद उन्होंने दयानंद की अपने स्तर पर भी तलाश की लेकिन पता नहीं चल पाया।

### हत्यारे ने एक शख्स को घायल कर खुद भी कर ली आत्महत्या

# एएसआई की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यमुनापार के ज्योति नगर में मीत नगर फ्लाईओवर पर मंगलवार को एक सिरफिरे ने दिल्ली पुलिस के एएसआई दिनेश शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसने एक अन्य स्कूटी सवार पर फायरिंग की। ऑटो में जबरन बैठकर खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इससे पहले उसने ऑटो ड्राइवर के ऊपर भी फायरिंग की थी लेकिन वह बाल बाल बच गया। ज्योति नगर थाने में हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार मंगलवार दिन में 11 बजकर 42 मिनट पर कुछ लोगों को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी।

पुलिस तुरंत मीत नगर फ्लाईओवर के ऊपर घटनास्थल पर पहुंची। स्पेशल ब्रांच में तैनात एएसआई दिनेश शर्मा को गोली मारी गई थी। हमले के वक्त वह बाइक पर सवार थे। उन्हें फौरन



अचेत हालत में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फायरिंग की दूसरी घटना मीत फ्लाईओवर से नीचे उतरकर हुई, जहां आरोपी ने स्कूटी सवार एक युवक की कमर में गोली मारी।

घायल अमित कुमार (30) प्रेम विहार गली नंबर एक करावल नगर का रहने वाला है। उसे भी जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका ऑपरेशन किया गया है।

मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दो लोगों को गोली मारने के बाद आरोपी ने एक ऑटो में जबरन बैठने का प्रयास किया। चालक ने ऐतराज जताया तो उसकी ओर भी एक राउंड फायरिंग की गई। लेकिन चालक ने ऑटो से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। चालक का नाम सुंदर नगर निवासी महमूद (35) बताया गया है। इसके बाद आरोपी ने उसी ऑटो की पिछली सीट पर बैठकर अपने सिर में गोली मार ली। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक आरोपी का नाम नंद नगरी निवासी मुकेश (44) बताया गया है।

### वारदात में इस्तेमाल पिस्टल भी जब्त

पुलिस ने ऑटो से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल भी जब्त कर ली है। इसके अलावा कई खाली कारतूस और घटनास्थलों पर चली गोली के खोखे भी जब्त किये गये हैं। पुलिस अब मामले की जांच कर यह पता लगा रही है आखिर इस घटना के पीछे की वजह क्या है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक किये जा रहे हैं।

### दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए सक्षम एप की शुरूआत

बेरी । एआरओ रविंद्र मलिक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए सक्षम नामक एप शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकेंगे। साथ ही नए मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण भी करवा सकते हैं और वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध भी कर सकते हैं।



**सूचना**

मैं, दयानन्द सुपुत्र श्री भीम सिंह निवासी ग्राम परनाला, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मंजीत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़।**

**नोटिस आम जनता**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृष्ण गोयल (पुत्र) बलराम गोयल (पुत्र) उमेश गोयल (पुत्र) राधिका गोयल (पुत्री) पुनम गोयल (पुत्री) S/o D/o W/o Late सुरेश गोयल H/o कौशल्या देवी निवासी लम्बी गली जटवाड़ा मोहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3B56E2VO Ward No. 16 कॉलोनी लम्बी गली जटवाड़ा मोहल्ला बहादुरगढ़ जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम में रिक्त है मैं नाम दर्ज व वर्गगज 81.67 से 90 वर्गगज करवाने हेतु Online Application No. 0183909803 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति नं. 3B56E2VO वार्ड नं. 16, कॉलोनी लम्बी गली जटवाड़ा मोहल्ला बहादुरगढ़ पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नं. 3B56E2VO वर्गगज प्रार्थी कृष्ण गोयल (पुत्र) बलराम गोयल (पुत्र) उमेश गोयल (पुत्र) राधिका गोयल (पुत्री) पुनम गोयल (पुत्री) S/o D/o W/o Late सुरेश गोयल H/o कौशल्या देवी के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद, बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, बहादुरगढ़

## खबर संक्षेप

### खेतों में फसल अवशेष जलाने पर लगाई रोक

**झज्जर।** जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला की राजस्व सीमा में फसल अवशेष जलाने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है, वहीं साथ लगते खेतों में खड़ी या एकत्रित की हुई फसल आग की चपेट में आने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि फसल अवेशष जलाने की पाबंदी जनहित में लागू की गई है।।

### रणजीत कॉलोनी में घर के बाहर से गाड़ी चोरी

**बहादुरगढ़।** रणजीत कॉलोनी में मकान के बाहर से एक गाड़ी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायतकर्ता मनीष ने कहा है कि 14 अप्रैल की रात को उसने मकान के सामने अपनी इको गाड़ी खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। इस शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा की विजय संकल्प रैली 21 को

**बहादुरगढ़।** शहर के सब्जी मंडी परिसर में रविवार 21 अप्रैल को भाजपा की विजय संकल्प रैली होगी। मंगलवार को रोहतक लोकसभा प्रभारी राजीव जैन, पूर्व विधायक व लोकसभा संयोजक नरेश कौशिक, जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, बहादुरगढ़ विधानसभा प्रभारी राजेंद्र शर्मा, पूर्व शहरी मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र समेत कई पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने रैली स्थल पर जाकर तैयारियों को जायजा लिया। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि बहादुरगढ़ में होने वाली विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी।

### जिलाधीश ने नहरों में नहाने पर लगाई रोक

**झज्जर।** जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा जिला की राजस्व सीमा के अंदर से गुजरने वाली नहरों में नहाने पर पूरी तरह पाबंदी से लगा दी गई है। उन्होंने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की गई है। आदेशों में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में लोग विशेषकर युवा नहरों में नहाते हैं। इस दौरान पानी का बहाव तेज व गहरा होने के कारण डूबने की आशंका बनी रहती है।

### बेरी मेले में आए श्रद्धालु की बाइक चोरी

**झज्जर।** बेरी माता मंदिर मेले में मां भीमेश्वरी के दर्शनों के लिए पहुंचे एक श्रद्धालु की बाइक चोरी हो गई। रोहतक जिले के मसुदपुर निवासी दीपक ने बताया कि वह सोमवार को अपने भतीजे रोहित की बाइक लेकर बेरी मेले में आया था। उसने बाइक गोच्छी रोड पर धर्मशाला के नजदीक गली में खड़ी की थी। मंदिर से लौट तो बाइक नहीं थी।

## डीटीपी की ओर से जमीन पर लगाए गए नोटिस बोर्ड

# अवैध कॉलोनी का मामला पहुंचा सीएम दरबार

### डीटीपी ने तहसीलदार से संबंधित जमीन का पूरा रिकार्ड मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बालोर गांव की करीब 50 एकड़ पर अवैध कॉलोनी काटने का मामला सीएम दरबार में पहुंच गया है। ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें इस मामले से अवगत कराया। इस संबंध में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, दूसरी तरफ इस संबंध में अभी तक एफआईआर तो नहीं हो सकी है लेकिन जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से उस जमीन पर नोटिस बोर्ड जरूर लगवा दिए गए हैं। इन नोटिस बोर्ड में जमीन के खसरा नंबर व किला नंबर की जानकारी देते हुए आमजन से अनुरोध किया है कि वे डीलरों के झांसे में आकर यहां प्लाट न खरीदें।



**बहादुरगढ़।** जमीन पर लगाया गया नोटिस बोर्ड। फोटो : हरिभूमि

साथ ही डीटीपी ने तहसीलदार से संबंधित जमीन का पूरा रिकार्ड मांगा है। इसी रिकार्ड में जमीन मालिकों की जानकारी मांगी गई है ताकि अब भू-मालिकों के खिलाफ भी मामला दर्ज करवाया जा सके। इसके अलावा डीटीपी ने जमीन के खसरा नंबर व किला नंबर को आनलाइन अपडेट करते हुए इसे अवैध की श्रेणी में डाल दिया है। इन नंबरों पर किसी तरह की एनओसी जारी नहीं करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि एनओसी न होने पर जमीन का पंजीकरण भी ना हो सके और पंजीकरण कराते समय टोकन भी न कट सके। बता दें कि बालोर गांव में सिद्दीपुर रोड पर 50 एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। प्लॉटों को बेचने के लिए रविवार को ड्रा भी निकाला गया था। इस मामले में संज्ञान लेते हुए डीटीपी की ओर से हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो में शिकायत दी गई है। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कहा कि इस मामले में अधिकारियों की संलिप्ता से भी इंकार नहीं किया जा सकता। मामले में गंभीरता से जांच की जानी चाहिए। भू-माफियाओं और मामले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में सीएम नायब सिंह को शिकायत दे दी है। उम्मीद है, जल्द ही सख्त कार्रवाई होगी।

### संबंधित डीलर को नोटिस दिया

अवैध कॉलोनी काटने के मामले में संबंधित डीलर को नोटिस दिया है। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की शिकायत भी दी गई है। जमीन मालिक किसानों का रिकार्ड लिया जा रहा है। उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज होगी। संबंधित जमीन पर सार्वजनिक नोटिस के बोर्ड भी लगवाए गए हैं। इस जमीन का पूरा रिकार्ड अवैध की श्रेणी दिखाकर आनलाइन अपडेट कर दिया गया है ताकि एनओसी जारी न हो सके और रजिस्ट्री भी न हो सके।

-अंजू जून, डीटीपी झज्जर


**बहादुरगढ़।** रैली को हरी झंडी दिखाती प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

- प्राचार्या ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में रामनवमी के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता रैली निकाली गई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या, लिंग जांच, लिंग अनुपात एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली में स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों को पोस्टर, स्लोगन व नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया कि लड़कियां किसी क्षेत्र में लड़कों की तुलना में पीछे नहीं हैं और वे हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हैं। डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लोगों को सिर्फ एक विषय के रूप में नहीं लेना चाहिए, ये एक सामाजिक जागरुकता का मुद्दा है जिसे हमें गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। लोगों को लड़कियों को बचाना और सम्मान करना चाहिए, क्योंकि वो पूरे संसार का निर्माण करने की शक्ति रखती है। वो किसी भी देश के विकास और वृद्धि के लिये समान रुप से आवश्यक है। इस कार्यक्रम का आयोजन वाईआरसी इकाई द्वारा किया गया।

# बहादुरगढ़ ने अलखपुरा को हराया

### लोवा खुर्द में हरियाणा यूथ फुटबाल लीग के मैच का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव लोवा खुर्द में हरियाणा यूथ फुटबाल लीग के मैच का आयोजन किया गया। अंडर-15 आयुवर्ग में बहादुरगढ़ सिटी क्लब व अलखपुरा फुटबाल क्लब का मैच हुआ। जिसमें बहादुरगढ़ सिटी क्लब ने यह मैच 1-0 से मैच जीत लिया। बहादुरगढ़ की तरफ से गौरव ने यह गोल किया। इस मैच का उद्घाटन गांव के सरपंच विनोद जून व कमेटी प्रधान नरेश ने किया। कोच सुदर्शन ने बताया की हरियाणा मैन यूथ फुटबाल लीग अंडर 13 व 15 का आयोजन हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। गांव लोवा खुर्द में 10 मुकाबले खेले जाएंगे। अन्य 10 अन्य मुकाबले हरियाणा के विभिन्न जिलों में खेले जाएंगे। इस मौके पर टीम के कोच सुदर्शन व मैनेजर विनय जून ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी। रेफरी की भूमिका में संदीप बादली, संदीप खेड़ी जट, रितु रानी व गुलभार सिंह रहे। सभी ग्रामवासियों व खिलाड़ियों ने मैच का आनंद लिया।


**बहादुरगढ़।** मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी कोच के साथ। फोटो : हरिभूमि

# बंद के लिए दुकानदारों से मांगा सहयोग

- हत्यारों व साजिशकर्ताओं की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पूर्व विधायक स्व. नफे सिंह राठी की हत्या को डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी हत्यारे व साजिशकर्ता पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जिसको लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं व समर्थकों में पुलिस प्रशासन तथा भाजपा सरकार के प्रति गहरा रोष है। हत्यारों व साजिशकर्ताओं की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर वीरवार 18 अप्रैल को व्यापारियों व दुकानदारों से बहादुरगढ़ बंद का आह्वान किया गया है। इसी को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों व व्यापारियों से बंद में सहयोग करने की अपील की। वहीं स्व. नफे सिंह राठी के पुत्र पार्षद जितेंद्र राठी ने भी शहर की सब्जी मंडी में पहुंचकर आढ़तियों व दुकानदारों से मुलाकात की। पार्षद जितेंद्र राठी ने कहा कि स्व. नफे सिंह राठी ने सदा आम जनता समेत सभी वर्गों के हकों की लड़ाई लड़ी है। हमेशा जनहित की समस्याओं को उठाते रहे। डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद भी हत्यारों व साजिशकर्ताओं को पकड़ने में पुलिस के हाथ खाली है। केवल आश्वासन देकर पुलिस प्रशासन अपना पल्ला झाड़ रहा है। न्याय न मिलने को लेकर वीरवार 18 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक बहादुरगढ़ बंद किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों व दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि 18 अप्रैल को होने वाले बाजार बंद में अपना पूर्ण सहयोग व समर्थन देकर स्व. नफे सिंह राठी को न्याय दिलाने में मदद करें। इस मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास सैनी, इनेलो शहरी अध्यक्ष अनिल मदान, प्रदीप सिन्हा, खेमचंद भारद्वाज, सोनू सैनी, मास्टर सुखबीर सरोहा, सुदेश राठी, नरेंद्र राठी, ओमप्रकाश डोरा, प्रमोद कौशिक, एडवोकेट विपिन प्रधान, डॉ. ज्ञान सैनी, अलीशेर खान, ललित सेठी, आयुष बंसल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** बाजार में दुकानदारों से अपील करते इनेलो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



### जन्मदिन पर पौधरोपण

**बहादुरगढ़।** खरहर गांव से स्टैंड विद नेचर संस्था की सदस्य ललिता राठी ने अपनी बड़ी बहन प्रीति के जन्मदिन और नवरात्रि के पावन पर्व पर 9 पौधे भेंट किए। उनकी भतीजी मानसी राठी और अंजलि राठी ने अपनी बुआ के जन्मदिन की खुशी में अपने हाथों से घर पर पौधे रोपित किए। हर्षित नाम के एक बच्चे ने भी पौधे रोपित किए। ललिता राठी ने कहा कि आज के समय में जलवायु परिवर्तन को देखते हुए हमें हर खुशी के मौके पर पौधारोपण करना चाहिए।

# पर्यावरण संरक्षण को निकाली जा रही यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पर्यावरण जागरूकता सुरक्षा अभियान के तहत चरखी दादरी के निवासी संजीत अटेला की ओर से चरखी दादरी से चेन्नई तक की ऊंटगाड़ी यात्रा निकाली गई है। बहादुरगढ़ पहुंचने पर इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। संजीत अटेला ने बताया कि यह यात्रा 12 तारीख को दादरी से शुरू हुई थी। आगामी 22 तारीख को विभिन्न इलाकों से होती हुई इंडिया गेट पर पहुंचेगी। उन्होंने बताया की देश और दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ा है और पर्यावरण प्रदूषण देखने को मिल रहा है। इस वजह से पृथ्वी पर गर्मी भी बढ़ रही है जिससे पृथ्वी पर रहने वाले जीवों को खतरा पैदा होगा। इंसानों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। बहादुरगढ़ में शीतल मान ने उनकी यात्रा का स्वागत किया। शीतल मान ने बताया कि इस दौर में पर्यावरण मुहिम को लेकर हम सबको ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।



**बहादुरगढ़।** यात्रा का स्वागत करते शीतल मान व अन्य।

- बहादुरगढ़ पहुंचने पर इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया

### सिलानी पैक्स प्रधान ईश्वर यादव का निधन

**झज्जर।** महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ओम प्रकाश यादव के पुत्र एवं सिलानी पैक्स के प्रधान ईश्वर यादव का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। क्षेत्र के गांव सुलौधा निवासी ईश्वर यादव करीब 74 वर्ष के थे और पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके पुत्र जितेंद्र यादव ने बताया कि जहां उनके दादा स्वर्गीय ओमप्रकाश यादव नेताजी सुभाषचंद्र बोस की सेना में स्वतंत्रता सेनानी रहे वहीं उनके पिता ईश्वर यादव भी समाजसेवा में तत्पर रहते थे। चार भाई बहनों में सबसे छोटे ईश्वर यादव अपने पीछे पुत्र, पौत्र व पड़पोत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में कर्मचारी नेता सुजान मालड़ा, बाबूलाल, भीम, बिल्लू, ऋषिराज, विक्रम भूरथल, हरज्ञान यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# चार मुक्केबाज कजाकिस्तान में होने वाली स्पर्धा में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**झज्जर।** जिले के चार मुक्केबाज अब आगामी 25 अप्रैल से कजाकिस्तान के अस्ताना शहर में होने वाली मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में महिला वर्ग के 60 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियंका सहरावत व 63 किलोग्राम भार वर्ग में प्राची धनखड़ शामिल हैं वहीं पुरुष वर्ग में 60 किलोग्राम भार वर्ग में सागर जाखड़ व 86 किलोग्राम भार वर्ग में हेमंत सांगवान का चयन हुआ है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**झज्जर।** कोच हितेश देशवाल के साथ चयनित खिलाड़ी सागर जाखड़ व हेमंत सांगवान। फोटो : हरिभूमि

# कन्या पूजन को करना पड़ा इंतजार

**झज्जर।** अष्टमी के दिन शहर में समाज का एक अलग ही रुप देखने को मिला। गलियों, मौहल्लों में करीब दस बजे तक लोग नंगे पैर अपने परिवार सहित इधर-उधर घूमते हुए दिखाई दिए। जिस घर में कन्याओं का पूजन किया जा रहा था, उसके बाहर अन्य परिवारों के तीन-चार सदस्य कन्याओं को अपने घर लेने जाने का इंतजार कर रहे थे। स्थिति यह रही कि कन्याओं को भोजन कराने के लिए श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने नवरात्र के व्रत को कन्याओं के पूजन के साथ खोला और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का विधि विधान से पूजन किया और भोजन करवाते हुए उपहार भी भेंट किए। श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण स्पर्श करते हुए अपने परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना भी की।


**झज्जर।** कन्याओं का पूजन करते हुए श्रद्धालु।

# घर-घर हुआ कन्याओं का पूजन

- कन्याओं को श्रद्धालुओं ने सुंदर उपहार भी भेंट किए

**बहादुरगढ़।** इलाके में दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। घर-घर कन्याओं का पूजन हुआ। लोगों ने देवी मां की अराधना की और कन्याओं को भोजन कराया। कन्याओं को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालुओं ने उनको सुंदर उपहार भी भेंट किए। वहीं दूसरी तरफ मंदिरों में भी खूब रौनक रही। मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम हुए। सुबह और शाम के वक्त भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। कीर्तन-भजन के जरिये मां की महिमा का गुणगान किया गया। वहीं, कुछ स्कूलों में भी कार्यक्रम हुए। ग्लोबल हाइट्स स्कूल में हवन किया गया। यज्ञ में आहुति डालकर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सुख-शांति की कामना की। विद्या की देवी को भी नमन किया गया। अंत में प्रसाद वितरित किया गया।


हवन में आहुति डालते शिक्षक व विद्यार्थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन

# बिजली संबंधित समस्याओं पर मंथन

- बैठक की अध्यक्षता कोबी के प्रधान प्रवीण गर्ग ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

कान्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) के कार्यालय में मंगलवार को झज्जर यूएचबीवीएनएल के एसई यशवीर सिंह ने उद्यमियों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीई मनीष, मनिता, अजय सिंहरोहा, राहुल वर्मा और हेमंत भी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कोबी के प्रधान प्रवीण गर्ग ने की। इस दौरान उद्यमी अशोक मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, गणेश गुप्ता, सुनील गर्ग, अंकुर मित्तल, केएस भदौरिया, राजेश, दीपक साहनी, सरदार अमरीक सिंह, नरेंद्र सिंघल, विकास गुप्ता और दीपक कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में एसई ने बिजली निगम द्वारा अब तक जिले के उद्योगों के लिए बिजली को सुधारने के लिए किए गए कार्यों का ब्योरा दिया। साथ ही उपस्थित सभी उद्योगपतियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनकर उनको जल्द से जल्द ठीक करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कई समस्याओं का समाधान तुरंत किया। एसई ने कहा कि बिजली निगम अपनी ओर से पूरा प्रयास कर रहा है कि जिले के उद्योगों को आगामी गर्मियों में बिजली की कमी और पावर कट का कम से कम सामना करना पड़े। साथ ही उद्योगों के लिए संदेश दिया कि बिजली से संबंधित कोई भी समस्या है तो एक बार बिजली कार्यालय में स्थित सेवा केंद्र दर्ज जरूर कराएं।


**बहादुरगढ़।** उद्यमियों के साथ बैठक करते निगम के एसई यशवीर सिंह।


**बहादुरगढ़।** शिक्षकों के साथ अपने स्लोगन दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### स्लोगन के जरिये नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एंटी टोबैको सैल, यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन सैल की स्वयंसेविकाओं ने स्लोगन लेखन के माध्यम से नशा छोड़ने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने स्लोगन लेखन में भाग ले रही छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मनुष्य का जीवन व सेहत दोनों बर्बाद कर देता है। यह न केवल नशा करने वाले व्यक्ति बल्कि उसके पूरे परिवार को तबाह करके रख देता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने छात्राओं को नशे के तस्करों से दूर रहने की सलाह दी। छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बने तथा अपने परिवार व समाज के अन्य सदस्यों को भी नशे जैसी भयानक लत से बचने की प्रेरणा दें ताकि हमारा समाज, देश नशामुक्त हो। डॉ. नेहा नैन ने बताया कि शिक्षा, खुशी, वर्षा, तनीषा, स्नेहा, श्रद्धा, मोनिका, भावना ने स्लोगन लेखन करके नशे का विरोध किया तथा अपने द्वारा लिखे स्लोगन को महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरणा देते हुए डिस्प्ले भी किया।